WORLD'S LARGEST LESSON



| कुल समय |
|---|
| 45–60 मिनट |

| आयु सीमा |
|---|
| 8–14 साल |

# कोई भी बन सकता है गोलकीपर!

## सीख

- छात्र समझेंगे कि वैश्विक लक्ष्य पूरे करने के लिए गोलकीपर को क्या करना होगा
- छात्रों के पास पहले से कुछ कौशल और जानकारी होगी जिनकी मदद से वे वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान दे पाएँगे. यहाँ वे ऐसे ही कौशल और जानकारी की पहचान करेंगे और उनके बारे में समझेंगे.
- छात्र अपने विचारों के बारे में तर्क देना सीखेंगे

## साधन

यह अध्याय इंटरनेट की मदद से या उसके बिना भी पूरा किया जा सकता है.

इंटरनेट के साथ: Goalkeeper Me ऐप्लिकेशन पर छात्रों की फ़ोटो अपलोड करने के लिए कैमरे या कैमरे वाले फ़ोन/लैपटॉप/ipad की ज़रूरत होगी.

इंटरनेट के बिना: पेन, रंग, कोलाज बनाने के लिए सामग्री, शीशे और 'गोलकीपर की फ़ोटो' गतिविधि शीट

## अध्याय योजना के बारे में ज़्यादा जानकारी

इस अध्याय का उद्देश्य छात्रों में यह भरोसा पैदा करना है कि हर किसी के अंदर गोलकीपर बनने कि काबिलियत है और हर कोई पर्यावरण के अनुकूल विकास संबंधी लक्ष्यों (वैश्विक लक्ष्य) को पाने के लिए कदम उठा सकता है. जब छात्र यह समझ जाएँगे कि लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सभी की भागीदारी ज़रूरी है, तो वे अपने खुद के कौशल के साथ ही बाकी सभी लोगों के अलग-अलग कौशल को पहचानेंगे और उनकी ज़रूरत को समझेंगे. यह अध्याय योजना 2018 ओईसीडी पिसा आकलन फ्रेमवर्क के मुख्य मापदंड के हिसाब से है: वैश्विक क्षमता. इसका वर्णन कुछ यूं है: "स्थानीय, वैश्विक और अलग-अलग तरह के रहन-सहन की समस्याओं को समझने, दूसरों के दृष्टिकोण और दुनिया को देखने के उनके नज़रिए को समझने, दूसरी संस्कृतियों के लोगों के साथ खुले, उचित और प्रभावी संवाद कर पाने और इसके साथ ही सभी की खुशहाली और पर्यावरण के अनुकूल विकास के लिए कदम उठाने की क्षमता."
http://www.oecd.org/pisa/pisa-2018-global-competence.htm



WORLD'S LARGEST LESSON
In partnership with unicef
Supported by
With thanks to

**शिक्षकों के लिए नोट**
इस पाठ के ज़रिए छात्र गोलकीपर फ़ोटो बनाकर अपने कौशल, व्यक्तित्व और ज्ञान का प्रदर्शन करेंगे. हो सकता है कि कुछ छात्र अपनी फ़ोटो खिंचवाने में सहज न महसूस करें. इसलिए आप ऐसे छात्रों से किसी दूसरे छात्र या मशहूर गोलकीपर की तस्वीर बनाने के लिए कह सकते हैं.

इस पाठ में छात्रों के फ़ोटो इंटरनेट पर अपलोड करना भी शामिल है. पक्का कर लें कि यह गतिविधि हमारे स्कूल की निजता और सुरक्षा नीति के मुताबिक है और आपने Goalkeeper ऐप के नियम और शर्तों को अच्छी तरह पढ़ लिया है: http://cdn.worldslargestlesson.globalgoals.org/2018/06/goalkeeper-privacy1-1.pdf

## आभार

इन गोलकीपर का खास तौर पर आभार **क्रिस गैडबरी**, Twitter: @chrisgadbury www.magicstorybooks.com,
**मेमरी ब्रेंडा:** https://memorybanda.blogspot.com/
**एंडिबुसी उचया और हायल वार्टमबर्ग:** https://wordonthecurb.co.uk/

## पहला कदम: पहले से मौजूद जानकारी का इस्तेमाल करना

**5**
मिनट

**ध्यान दें:** इस अध्याय के शुरुआत में हम यह बात मानकर चल रहे हैं कि छात्रों को वैश्विक लक्ष्यों के बारे में पहले से पता है. दुनिया के सबसे बड़े अध्याय के भाग 1 में शामिल एनीमेशन का लिंक जो छात्रों को लक्ष्यों के बारे में बताता है: https://vimeo.com/138068559.

वैश्विक लक्ष्यों के बारे में छात्रों की जानकारी को दोहराने के लिए उनसे नीचे दिए गए सवाल पूछें. इस गतिविधि को सोचकर, जोड़ी बनाकर, शेयर करके या पूरी क्लास के साथ मिलकर किया जा सकता है: *किन वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने का उद्देश्य है? ये लक्ष्य अहम क्यों हैं? लक्ष्यों की संख्या बताएँ?*

## दूसरा कदम: जानें कि वैश्विक लक्ष्यों को पाने के लिए कौन पहले से ही कोशिश कर रहा है

**10**
मिनट

छात्रों से सवाल पूछें: *वैश्विक लक्ष्यों को पाने की ज़िम्मेदारी किसकी है?*
संकेत: सरकार, एनजीओ/चैरिटी संस्थाओं, संयुक्त राष्ट्र, कंपनियों, स्कूलों, बच्चों, बड़ों – सभी!

अगला सवाल पूछें: *क्या वैश्विक लक्ष्यों को पाने की ज़िम्मेदारी नौजवानों की है? क्या नौजवान वैश्विक लक्ष्यों के लिए कुछ कर सकते हैं?*

अलग-अलग जवाबों और विचारों के बारे में चर्चा करें और छात्रों को समझाएँ कि बहुत ही कम उम्र से बच्चे और नौजवान इन लक्ष्यों को पाने के लिए काफ़ी योगदान दे सकते हैं. लक्ष्यों को पाने के लिए आम नौजवानों के काम देखने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा अध्याय भाग 2 एनीमेशन (https://vimeo.com/182001506) देखें. और/या आप छात्रों को दुनिया के सबसे बड़े अध्याय इंटरैक्टिव मैप से उदाहरण दिखा सकते हैं और बता सकते हैं कि वैश्विक लक्ष्यों को पाने के लिए नौजवान किस तरह काम कर रहे हैं.

उन्हें समझाएँ कि इन लोगों को ***गोलकीपर*** कहा जा सकता है क्योंकि ये लोग वैश्विक लक्ष्यों को समझते हैं और उन्हें पाने के लिए पूरी कोशिश करते हैं. ये आम लोग हैं जो अपने स्कूलों, घरों, समुदायों और देश को वर्तमान में जीने के लिए बेहतर जगह बनाना चाहते हैं और कल के लिए इन्हें सुरक्षित रखना चाहते हैं. वे लक्ष्यों का इस्तेमाल अपने काम को वैश्विक योजना से जोड़ने के लिए करते हैं ताकि दुनिया बेहतर हो सके और सभी के लिए बराबरी का मौका उपलब्ध हो. छात्र दुनियाभर के नौजवान गोलकीपरों के बारे में **भाग 1** में जाकर पढ़ सकते हैं.

## तीसरा कदम: लोगों के कौशल को वैश्विक लक्ष्यों से जोड़ना

15
मिनट

**ध्यान दें:** नीचे दी गई गतिविधि में कोई भी जवाब सही या गलत नहीं है. गतिविधि को ऐसे सवालों के ज़रिए बनाया गया है जिससे छात्र अपनी राय के बारे में चर्चा कर सकें.

जोर से पढ़ें/नीचे गोलकीपर मेमरी बैंडा की कही हुई बात दिखाएँ (लक्ष्य 5 को पूरा करने में मेमरी के शानदार काम के बारे में जानने के लिए **भाग 1** देखें).

*"गोलकीपर बनने के लिए किसी जादुई ताकत की ज़रूरत नहीं है,* ***हर कोई*** *गोलकीपर बन सकता है. इसके लिए बस कोई वैश्विक लक्ष्य चुनकर उसे पाने के लिए कोशिश करने की ज़रूरत है."*

मेमरी की कही गई बात पर क्लास में चर्चा करें - *क्या छात्र इस बात से सहमत हैं?* उन्हें समझाएँ कि लक्ष्यों को पाने के लिए हर इंसान के पास अपना-अपना कौशल और ज्ञान होता है. अहम बात ये है कि छात्र अपने कौशल को वैश्विक लक्ष्यों को पाने के लिए किस तरह इस्तेमाल करते हैं. गोलकीपर के तौर पर इंसान मुश्किलें आने पर भी आगे बढ़ता है और इस बात में भरोसा रखता है कि लक्ष्य ज़रूर पूरे होंगे!

'वैश्विक लक्ष्यों के बीच की कड़ियाँ जोड़ना' गतिविधि शीट दिखाएँ (**भाग 2**) इस गतिविधि का उद्देश्य हर लक्ष्य को पाने के लिए ज़रूरी कौशल के प्रकार की पहचान करने में छात्रों की मदद करना है. **भाग 3** में सुझाए गए हरे रंग के 15 शब्दों को दिखाएँ (आप चाहें तो अपने स्कूल से जुड़ी सेटिंग में जाकर इसमें बदलाव कर सकते हैं). शुरुआत करने के लिए कोई एक शब्द चुनें, उदाहरण के तौर पर 'क्रिएटिव'. इसे गतिविधि शीट के बीच में मौजूद पहले लाल रंग के बॉक्स में लिखें.

छात्रों से अगला सवाल पूछें - *क्रिएटिव होने का कौशल किस तरह से लक्ष्यों को पाने में मदद करता है? किस लक्ष्य पर सबसे ज़्यादा असर पड़ेगा?* छात्रों को अपनी राय और पसंद के पीछे तर्क देने के लिए प्रोत्साहित करें. क्लास से कुछ राय लें और 'क्रिएटिव' कौशल को चुने गए लक्ष्यों से जोड़ें. इसके लिए शब्द और लक्ष्यों के बीच लाइन बनाएँ.

छात्र चाहें तो **भाग 3** में दिए गए दूसरे कौशल चुन सकते हैं जो उनके मुताबिक लक्ष्यों को पाने के लिए सबसे ज़रूरी हैं और उनके लिए सबसे ज़्यादा फ़ायदेमंद हो सकते हैं.

पूरी गतिविधि के दौरान क्लास से कहें कि हर छात्र अपनी निजी राय दे कि उनके मुताबिक कौन-सा कौशल सबसे अहम है. छात्रों से पूछें कि उन्होंने किसी लक्ष्य के लिए कोई कौशल क्यों चुना.

**ध्यान दें:** कोई भी जवाब सही या गलत नहीं हैं क्योंकि यह छात्रों की निजी राय हो सकती है. कुछ कौशल सभी लक्ष्यों के काम आ सकते हैं.

**चुनौती:** छात्रों से पूछें *कि अलग-अलग तरह के कामों में कुशलता, दिलचस्पी और ज्ञान रखने वाले लोग, लक्ष्यों को पाने में किस तरह मददगार होते हैं?* इसकी वजह यह है कि दुनिया के सामने ढेरों समस्याएँ हैं और इनका हल किसी एक तरीके से नहीं हो सकता.

## चौथा कदम: हर व्यक्ति के अंदर की ताकत को पहचानना

10
मिनट

अगले कदम में छात्रों को अपनी कुशलता की पहचान करनी है. छात्रों को नीचे दिए गए सवालों के जवाब देने से पहले कुछ समय सोचने के लिए कहें. हो सकता है कि वे अपने पार्टनर के साथ बातचीत करना चाहें.

1. *ऐसा क्या है जो आपको दूसरों से अलग बनाता है?*
2. *इस बात के क्या मायने हैं जब आप कहते हैं कि आपमें गोलकीपर बनने की क्षमता है?*
3. *आपमें ऐसा कौन-सा कौशल या खासियत है जिसे बेहतर बनाकर आप गोलकीपर बन सकते हैं?*
4. *बड़े होकर आप किस तरह के व्यक्ति बनना चाहते हैं?*

छात्रों को इसके बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा शब्द चुनने के लिए कहें. छात्रों को यह बात अच्छी तरह समझना ज़रूरी है कि वे ऐसे शब्द न चुनें जो शारीरिक बनावट के बारे में हो, बल्कि वे ऐसे शब्द चुनें जो व्यक्ति के कौशल, विशेषज्ञता और ज्ञान के बारे में हों. संकेत के तौर पर आप **भाग 3** में दिए गए शब्दों को देख सकते हैं.

## पाँचवा कदम: गोलकीपर की फ़ोटो तैयार करना

**10** मिनट

छात्रों को Goalkeeper Me ऐप दिखाएँ. छात्रों को समझाएँ कि उन्हें ऐसे 3 शब्द चुनने हैं जो उनके खयाल से वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में सबसे ज़्यादा मददगार हो सकते हैं. छात्रों को यह भी समझाएँ कि हमें अपने से अलग लोगों को भी अपनाना चाहिए. हमसे अलग दिलचस्पी और लक्ष्य, वैश्विक लक्ष्यों को पाने के लिए अहम हैं. आप छात्रों को गोलकीपर की कुछ फ़ोटो दिखा सकते हैं: http://perfectdaylondon.com/projects/goalkeepers/

छात्र Goalkeeper ऐप वेबसाइट पर अपनी फ़ोटो अपलोड कर सकते हैं और इसे अपने पसंद के रंग और शब्दों के ज़रिए मनमुताबिक बना सकते हैं. (निर्देशों की पूरी सूची के लिए **भाग 4** देखें).

छात्रों को ऐसे तरीकों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें जिनसे वे अपनी गोलकीपर फ़ोटो के ज़रिए ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को वैश्विक लक्ष्यों की पहचान कर पाने में मदद कर सकें. छात्रों को उदाहरण के तौर पर बताएँ कि किस तरह 2017 में न्यूयॉर्क में हुए पहले गोलकीपर इवेंट में गोलकीपर फ़ोटो इस्तेमाल की गई थीं. *क्या छात्र अपना गोलकीपर अभियान बना पाए?*

**विकल्प:** अगर कैमरा वाले मोबाइल/कैमरे उपलब्ध नहीं हैं, तो छात्रों को शीशा उपलब्ध कराएँ और उन्हें चित्र बनाने/रंगने या अपनी फ़ोटो का कोलाज बनाने के लिए बुलाएँ. छात्र इस इमेज और चुने हुए अपने 3 शब्दों का इस्तेमाल करके गोलकीपर फ़ोटो बना सकते हैं (भाग 5 में गोलकीपर फ़ोटो टेम्पलेट देखें). गोलकीपर फ़ोटो क्लास या स्कूल में दिखाने के लिए लगाए जा सकते हैं. छात्रों को ये सोचने के लिए प्रोत्साहित करें कि अपनी फ़ोटो और कहाँ लगा सकते हैं. *वे ऐसी कौन-सी जगहों पर अपनी फ़ोटो लगा सकते हैं जिससे ज़्यादा से ज़्यादा लोग वैश्विक लक्ष्यों के बारे में जान सकें?*

## छठवाँ कदम: अब आप तैयार हैं – अपना पहला कदम बढाएँ!

**10** मिनट

जब छात्र गोलकीपर बनने के लिए अपने अंदर के कौशल और ज्ञान की पहचान कर लें, तो इसका मतलब है कि वे वैश्विक लक्ष्यों की ओर कदम उठाने के लिए तैयार हैं! क्लास में चर्चा करने के लिए छात्रों से नीचे दिए गए सवाल पूछें:

- आप लक्ष्यों को पाने के लिए आज से कौन-से कदम उठा सकते हैं?
- आप एक क्लास के तौर पर लक्ष्यों को पाने के लिए क्या करना चाहते हैं?
- आपके मन में लक्ष्यों से जुड़े कौन-से सवाल हैं?

यह जानने के लिए कि आप किस तरह शुरुआत कर सकते हैं, दुनिया के सबसे बड़े अध्याय का भाग 3 एनीमेशन https://vimeo.com/267427720 देखें!

कृपया अपनी गोलकीपर फ़ोटो हमसे शेयर करें! आपने जो चीज़ें सीखीं उन्हें हमारे इंटरैक्टिव मैप पर जोड़कर हज़ारों दूसरे गोलकीपर के साथ जुड़ें. आप हमें @TheWorldsLesson पर ट्वीट कर सकते हैं, फ़ेसबुक पर @TheWorldsLargestLesson और इंस्टाग्राम पर @TheWorldsLesson फ़ॉलो कर सकते हैं या lesson@project-everyone.org पर हमें ईमेल कर सकते हैं.

**दूसरी गतिविधियाँ:**

- चीज़ें सिखाने के लिए दुनिया के सबसे बड़े अध्याय की वेबसाइट http://worldslargestlesson.globalgoals.org/hi/ पर छात्रों को हमारा 'छात्रों की गतिविधियाँ' टैब दिखाएँ ताकि वे समझ सकें कि वैश्विक लक्ष्यों को पाने के लिए वे किस तरह कदम उठा सकते हैं.
- स्थानीय समुदाय में बदलाव लाने के लिए 'सामुदायिक कार्रवाई योजना' बनाएँ: http://worldslargestlesson.globalgoals.org/student-led-change-projects/
- इतिहास की महान हस्तियों के बारे में जानने के लिए यह शार्ट फ़िल्म देखें (Vimeo link https://vimeo.com/268764152, Youtube लिंक https://www.youtube.com/watch?v=lf4jpEhRubs&feature=youtu.be) - *कृपया ध्यान दें कि यह फ़िल्म सिर्फ़ अंग्रेज़ी में उपलब्ध है.*) छात्रों से नीचे दिए गए सवाल पूछें: *अगर वीडियो में दिखाए गए लोग ज़िन्दा होते तो क्या वे गोलकीपर होते? आपके खयाल से वे किन लक्ष्यों के लिए काम करते? उनमें ऐसी क्या चीज़ है जो उन्हें गोलकीपर बनाती है? उन्होंने अपनी ज़िंदगी में जो चीज़ें हासिल की, उन्हें पाने के लिए उनमें क्या खास रहा होगा?* इसे होमवर्क के तौर पर दिया जा सकता है या मशहूर ऐतिहासिक हस्तियों के बारे में इतिहास के प्रोजेक्ट की शुरुआत में शामिल किया जा सकता है.
- छात्रों से कहें कि वे अपने देश के उन लोगों के बारे में रिसर्च करें जिन्हें गोलकीपर माना जा सकता है. छात्रों से एक छोटा लेख लिखने को कहें जिसमें वे बता सकें कि क्यों उन्हें एक गोलकीपर होना चाहिए. छात्र इन हस्तियों से क्या सीख सकते हैं? क्या इन हस्तियों को आपके स्कूल में आकर भाषण देने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है? या ये हस्तियाँ नौजवानों को कुछ करने के लिए प्रेरित करने में मदद कर सकती हैं?
- गोलकीपर फ़ोटो कोई भी बना सकता है! छात्रों को अपने माता-पिता, परिवार और दोस्तों के साथ इस ऐप्लिकेशन को शेयर करने के लिए प्रोत्साहित करें. इससे वे लोग भी वैश्विक लक्ष्यों से जुड़े इस संदेश को फैला पाएंगे
- छात्रों को हर साल होने वाले गोलकीपर कार्यक्रम (https://www.globalgoals.org/Goalkeepers) के बारे में जानने और रिसर्च करने के लिए कहें. पिछले साल कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथि और लोग कौन थे? उन्होंने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए? वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ऐसे बड़े कार्यक्रम क्यों ज़रूरी हैं?


WORLD'S LARGEST LESSON
In partnership with unicef
Supported by BE FEARLESS BE KIND Hasbro
With thanks to

## भाग 1: दुनियाभर में मौजूद नौजवान गोलकीपरों के उदाहरण



### मलावी से
### मेमरी बैंडा

मेमरी बैंडा, बाल विवाह को खत्म करने की पुरजोर कोशिश करने वाली महिला हैं. मेमरी ने कम उम्र में शादी करने से इंकार कर दिया था और गाँव के नेताओं के साथ मिलकर ऐसे कानून लाने की कोशिश की जिससे लड़कियों को कम उम्र में शादी न करनी पड़े. उनकी कोशिशों का ही नतीजा था कि मलावी सरकार ने शादी की कानूनी उम्र को बढ़ाकर 18 साल कर दिया.

मेमरी के कामों के बारे में ज़्यादा जानने के लिए, यहाँ क्लिक करें.

**1. किस वजह से आप वैश्विक लक्ष्यों के लिए काम करने को प्रेरित हुईं?**

दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक में पैदा होना आसान बात नहीं है, खास तौर पर लड़कियों के लिए तो बिल्कुल भी नहीं. हम ऐसे माहौल में बड़े होते हैं जहां ज़िंदगी हमें कम मौके देती है और हमारे पास चुनने के लिए बहुत कम या न के बराबर विकल्प होते हैं. यह बहुत मायूसी की बात है कि एक उम्र बीत जाने के बाद भी लोगों को मानवाधिकारों के बारे में जानकारी नहीं है. जबकि मानवाधिकारों की रक्षा करना बहुत ज़रूरी है. मेरे लिए सबसे दर्दनाक बात थी कि मेरी ही उम्र की नौजवान लड़कियाँ अपने साथ कुछ गलत होने पर भी अपने हक के लिए आवाज़ नहीं उठाती थीं. साथ ही, उनकी ज़िंदगी की मुश्किलें देखकर भी मुझे तकलीफ़ होती थी. शिक्षा मूलभूत मानवाधिकारों में से एक है. इसके बावजूद ज़्यादातर लड़कियाँ पढ़ नहीं पाती. जब मैंने अपने परिवार, दोस्तों और समुदाय में बाल विवाह होते हुए देखा, तो मैंने इसके खिलाफ़ आवाज़ उठाने की ठान ली. बाल विवाह विनाशकारी कुप्रथाओं में से एक है जिसने ऐसी कई लड़कियों की ज़िंदगी बर्बाद की है जो आगे चलकर देश के लिए कुछ अच्छा कर सकती थीं. मैंने सोचा, बस अब वक्त आ गया है कि लड़कियों को भी स्कूल जाने के साथ सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक गतिविधियों में हिस्सा लेने के बराबर मौके मिलें.

**2. इस रास्ते पर चलते रहने के लिए आपको क्या प्रोत्साहित करता है?**

हमारी कोशिशें कामयाब हो रही हैं, यही बात मुझे इस रास्ते पर चलते रहने के लिए प्रोत्साहित करती है. लड़कियाँ अपनी मुश्किलों को पार करके आगे बढ़ रही हैं और मौजूदा हालातों को चुनौती दे रही हैं. लड़कियाँ खुद के लिए खड़ी हो रही हैं और समुदायों में बदलाव ला रही हैं. वे नेता भी बन रही हैं और बदलाव की अलख जलाने वाली भी. आज वे अपने हक के लिए आवाज़ उठा रही हैं. इससे पता चलता है लैंगिक समानता (लक्ष्य 5) को पूरा किया जा सकता है.

**3. आपको क्यों लगता है कि वैश्विक लक्ष्य पूरा करने के लिए नौजवानों की मदद ज़रूरी है?**

हर लक्ष्य को पूरा करने में आने वाली दिक्क़तें नौजवानों पर असर डालती हैं. ऐसे में यह ज़रूरी है कि नौजवान हर उस गतिविधि में शामिल हों जो दुनिया में हर जगह उनकी ज़िंदगी में बदलाव ला पाए. नौजवानों की मदद के बिना इन लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सकता. कुल मिलाकर वैश्विक लक्ष्यों का मकसद हर किसी को साथ लेकर चलना है. नौजवानों को इस मुहिम से जुड़ी हर चीज़ का हिस्सा बनना चाहिए ताकि हम आने वाली पीढ़ी के लिए मज़बूत नींव बना सकें.

**4. आपके लिए गोलकीपर बनने के क्या मायने हैं?**

गोलकीपर होने का मतलब है कि आप समाज से जुड़ी समस्या पहचान सकें और तय कर सकें कि कैसे आगे बढ़कर आप इसे हल कर सकते हैं. साथ ही, गोलकीपर बनने से आपके नज़रिए में बदलाव आता है. आप अलग ढंग से सोचने लगते हैं और अपने आप में यह भरोसा पैदा कर पाते हैं कि बदलाव होगा. गोलकीपर बनने के लिए किसी जादुई ताकत की ज़रूरत नहीं है, हर कोई गोलकीपर बन सकता है. इसके लिए बस कोई वैश्विक लक्ष्य चुनकर उसे पाने के लिए कोशिश करने की ज़रूरत है. अगर जुनून, इच्छा और काम करने की लगन है, तो बदलाव ज़रूर आएगा.

## भाग 1: दुनियाभर में मौजूद नौजवान गोलकीपरों के उदाहरण



### यूनाइटेड किंगडम से एंडिबुसी उचया और हायल वार्टमबर्ग

एंडिबुसी और हायल ने साथ मिलकर वर्ड ऑन द कर्ब की शुरुआत की. यह एक ऐसी एजेंसी है जो नौजवानों की कहानियों, उनकी पहचान और उनकी संस्कृति की झलक दिखाने के लिए बनाई गई है. एंडिबुसी और हायल, दुनियाभर के अलग-अलग लोगों के बारे में फैले भ्रम और रूढ़ियों के बारे में जानना चाहते हैं. इसके लिए उन्होंने वर्ड ऑन द कर्ब बनाया. इसके ज़रिए वे लोगों को एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म दे रहे हैं जहां लोग अपनी कहानियाँ शेयर सकें और दूसरों की सुन सकें. इसके बदले में वे ब्रैंड और कारोबारों को नौजवानों के साथ एक ही प्लेटफ़ॉर्म में शामिल करते हैं. इससे ब्रैंड और कारोबार डिजिटल तरीके से नौजवानों से जुड़ पाते हैं और उनकी ज़िंदगी और कामों से रूबरू होने का मौका पाते हैं. साथ ही, नौजवानों को सीखने का मौका मिलता है और वे रचनात्मक प्लेटफ़ॉर्म में अपनी पहुँच बढ़ा पाते हैं.

**1. वैश्विक लक्ष्यों को लेकर काम करने के लिए आपको किस बात ने प्रेरित किया?**

हम दोनों की किस्मत अच्छी थी कि हमें अलग-अलग संस्कृतियों और लोगों वाले शहर लंदन में पलने-बढ़ने का मौका मिला. मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी में पढ़ने के दौरान हमें अहसास हुआ कि इतने अच्छे शहर में परवरिश के बाद भी हम दुनिया के बारे में काफ़ी छोटी सोच रखते हैं. साथ ही सबसे अहम बात यह थी कि हम दुनियाभर के अलग-अलग लोगों और उनकी संस्कृति के बारे में भी यही सोचते थे. हमें लगा कि हम एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म बना सकते हैं, जहाँ पूरी यूनिवर्सिटी के अलग-अलग लोगों की कहानियों के बारे में जाना जा सके. ग्रैजुएशन पूरा होने के बाद हमने इस प्लेटफ़ॉर्म को यूनिवर्सिटी और मैनचेस्टर के आगे बढ़ाया. खुले और छिपे दोनों तौर पर होने वाले भेदभाव के बारे में जानने के बाद, हम विभिन्न संस्कृतियों को न समझने से होने वाले बुरे नतीजों के बारे में जानते हैं. अब हम पहले से कहीं ज़्यादा इस तरह के भेदभाव पर रोक लगाने में मदद करना चाहते हैं.

**2. इस रास्ते पर चलते रहने के लिए आपको क्या प्रोत्साहित करता है?**

वीडियो के ज़रिए हम वैश्विक स्तर पर लोगों से अपनी बात कह पा रहे हैं. साथ ही ऐसी सामग्री बना पा रहे हैं जो दुनिया के हर कोने में देखी और शेयर की जा रही है. हमारे बनाए वायरल वीडियो का उदाहरण है- 'वॉट आई वॉज़ नॉट टॉट इन स्कूल' नाम का वीडियो. इस वीडियो में दिखाया गया है कि स्कूल में बार-बार पढ़ाए जा रहे अफ़्रीकी-अमेरिकी लोगों के इतिहास को लेकर कैसे एक छात्र अपने शिक्षक से बहस करता है. इस वीडियो को अलग-अलग सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर 4 करोड़ से भी ज़्यादा बार देखा गया. वहीं हमें लुईज़िऐना से लेकर लसुटू तक से ईमेल मिलते रहे कि कैसे इस वीडियो ने लोगों, स्कूल, परिवार के लोगों और समुदायों पर अच्छा असर डाला. नाइजीरिया और घाना में रहने वाले हम दोनों के परिवार के सदस्यों ने हमें WhatsApp पर यह वीडियो भेजा, जबकि उन्हें पता भी नहीं था कि वीडियो हमने ही बनाया है. इसी तरह के नतीजे हमें इस रास्ते पर चलते रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं.

**3. आपको क्यों लगता है कि वैश्विक लक्ष्य पूरा करने के लिए नौजवानों की मदद ज़रूरी है?**

दुनिया में पहले से कहीं ज़्यादा नौजवान हैं (10 से 24 उम्र के बीच के लगभग 2 अरब लोग हैं). इसका मतलब है कि उनके साथ सिर्फ़ जुड़ना ज़रूरी नहीं है, बल्कि लक्ष्यों को हासिल करने में उनकी मौजूदगी और मेहनत ज़रूरी है. नौजवान ही नए आयाम गढ़ते हैं. हमारे पास, हमारे माता-पिता से पहले Whatsapp था और हम उन्हें इसका इस्तेमाल करना सिखाते हैं. इसलिए लक्ष्यों के साथ नौजवानों को जोड़ने से बहुत अच्छे नतीजे आ सकते हैं.

**4. गोलकीपर बनना आपके लिए क्या मायने रखता है?**

गोलकीपर बनने का मतलब, मुझे यह रोज़ याद दिलाता है कि एक-दूसरे के साथ रहने और आगे बढ़ने के लिए हमें समुदायों को बेहतर बनाने में मदद करनी है. समान सोच रखने वाले दूसरे गोलकीपरों के समुदाय के साथ हम मिल-जुलकर काम कर पा रहे हैं और इससे हमें ताकत मिलती है कि हम वैश्विक लक्ष्यों में तय किए गए मकसद पूरे कर लेंगे. ये लक्ष्य पूरे किए जा सकते हैं और हम इन्हें ज़रूर पूरा करेंगे.



WORLD'S LARGEST LESSON
In partnership with unicef
Supported by [BE] FEARLESS KIND Hasbro
With thanks to






WORLD'S LARGEST LESSON
In partnership with unicef
Supported by [BE] FEARLESS KIND Hasbro
With thanks to UNESCO

## भाग 3: Goalkeeper ऐप्लिकेशन के लिए शब्दों की सूची

हरे रंग से लिखे गए शब्द, वे कौशल हैं जिन्हें वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लोग इस्तेमाल कर रहे हैं. नीले रंग से लिखे गए शब्द, वह खासियतें हैं जो छात्र Goalkeeper ऐप्लिकेशन में देखना पसंद करते हैं. गोलकीपर की फ़ोटो बनाने के लिए छात्र इन शब्दों में से *कोई भी तीन* शब्द चुन सकते हैं.

1. बहादुर
2. खयाल रखने वाला
3. नई चीज़ें बनाने वाला
4. जिज्ञासा रखने वाला
5. मज़बूत इरादों वाले
6. जोशीले
7. खुश
8. मददगार
9. कल्पना करने वाला
10. दयालु
11. वफ़ादार
12. हालात के मुताबिक खुद को ढालने वाला
13. मज़बूत
14. सोचने-समझने वाला
15. भरोसेमंद
16. हक के लिए आवाज़ उठाने वाला
17. साहसी
18. कलाकार
19. एथलीट
20. भाई
21. कैंपेन चलाने वाला
22. बदलाव लाने वाला
23. डिज़ाइनर
24. सपने देखने वाला
25. कारोबारी
26. पर्यावरण की रक्षा करने वाला
27. दोस्त
28. नई पहल करने वाला
29. नेता
30. गणित का जानकार
31. संगीत का जानकार
32. आशावादी
33. वैज्ञानिक
34. बहन
35. कहानी कहने वाला
36. छात्र
37. दूर की सोच रखने वाला



WORLD'S LARGEST LESSON
In partnership with unicef
Supported by BE FEARLESS BE KIND Hasbro
With thanks to

## भाग 4: Goalkeeper ऐप्लिकेशन को इस्तेमाल करने से जुड़े निर्देश

1. सेल्फ़ी लें या किसी दोस्त से आपकी फ़ोटो खींचने के लिए कहें. देख लें कि फ़ोटो में आपका चेहरा और मुस्कुराहट साफ़ तौर पर दिखे! फ़ोटो में बस आपके चेहरे का क्लोज़अप आना चाहिए, पूरी तस्वीर की ज़रूरत नहीं है. अपने डेस्कटॉप पर इसे सेव कर लें.

2. Goalkeeper ऐप्लिकेशन पर जाएं: http://wllgoalkeeperme.globalgoals.org/

3. कैमरा आइकॉन पर क्लिक करके अपनी तस्वीर अपलोड करें.

4. अपनी फ़ोटो को मनमुताबिक बनाने के लिए, हर इमेज बॉक्स के सबसे ऊपर दाईं ओर बने आइकॉन का इस्तेमाल करें. A आइकॉन के ज़रिए आप शब्द चुन सकते हैं और लेख का रंग बदलने के लिए पेंटब्रश चुन सकते हैं. साथ ही, आधे भरे दिखने वाले गोले के ज़रिए अपनी फ़ोटो में रंगों का इस्तेमाल कर सकते हैं.

5. गोलकीपर फ़ोटो को सेव करने से पहले यह देख लें कि आपने Goalkeeper ऐप्लिकेशन से जुड़े नियम और शर्तें पढ़ ली हैं.

6. आपकी फ़ोटो को सेव करने के दो विकल्प हैं: नीले रंग के सेव बटन पर क्लिक करने से फ़ोटो अपने आप आपके कंप्यूटर में सेव हो जाएगी. या 'गैलरी में सेव करें' बटन के ज़रिए अपनी गोलकीपर फ़ोटो को कंप्यूटर में सेव और डाउनलोड करें. साथ ही, ऐसा करके आप फ़ोटो को पब्लिक गैलरी प्लेटफ़ॉर्म में भी शेयर कर सकते हैं.

7. इसके बाद कृपया अपनी गोलकीपर फ़ोटो Twitter या Instagram के ज़रिए @TheWorldsLesson या Facebook @TheWorldsLargestLesson और हैशटैग #WorldsLargestLesson के साथ शेयर करें या हमें lesson@project-everyone.org पर ईमेल करें.




WORLD'S LARGEST LESSON
In partnership with unicef
Supported by [BE] FEARLESS KIND Hasbro
With thanks to

# मेरी गोलकीपर फ़ोटो

WORLD'S LARGEST LESSON
In partnership with unicef

**निर्देश**

- शीशे में खुद को देखकर या अपनी फ़ोटो का इस्तेमाल करके अपनी तस्वीर बनाएँ या पेंट करें
- तीन ऐसे शब्द चुनें जो सबसे अच्छे तरीके से बताते हैं कि आपमें गोलकीपर की क्या खासियत हैं
- अपनी गोलकीपर फ़ोटो दूसरों के साथ शेयर करें!






WORLD'S LARGEST LESSON
In partnership with unicef
Supported by [BE] FEARLESS BE KIND Hasbro
With thanks to UNESCO